CATALYST COLLEGE

(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)

Affiliated to Patliputra University,Patna

कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों का बिग-बास्केट में हुआ चयन, पटना में मिली पोस्टिंग

'सी.एस.डी.' डिविज़न' में 'बी.डी.ई.' का मिला है पद

कोरोना काल में भी हो रहा है छात्रों का प्लेसमेंट

विजयम एजुकेशनल ट्रस्ट के सिमेज कॉलेज के अंतर्गत संचालित 'कैटलिस्ट कॉलेज' के छात्रों का चयन 'बिग-बास्केट' कंपनी में हुआ है | छात्रों का यह चयन कॉलेज द्वारा चलाये गए कैंपस पेसमेंट ड्राइव के माध्यम से हुआ है | प्रबंधन (बी. बी.ए.) के अंतिम वर्ष के छात्रों ने इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया | छात्रों का चयन ग्रुप डिस्कशन, तथा साक्षात्कार के माध्यम से हुआ | अतिम तौर पर कुल 9 छात्रों को चयनित किया गया | इन छात्रों को बिग बास्केट द्वारा 'बिजनेस डेवलपमेंट एक्सक्यूटिव' के पद पर चयनित किया गया है और इनका कार्य 'कस्टमर एक्यूज़िशन, ब्रांडिंग और मार्केटिंग से जुड़ा होगा | इन छात्रो का कार्य स्थल पटना मे ही होगा | इन छात्रों को 3.5 लाख तक के वार्षिक पैकेज पर चयनित किया गया है | निकट भविष्य में छात्रों के परफ़ोर्मेंस के आधार पर पैकेज में बढ़ोतरी की संभावना है | चयनित छात्रों में बी.बी.ए. के सक्षम राजपूत, हर्षित राज, आदर्श कुमार सिंह, रानी कुमारी, निकिता राज, सुरुचि मेहता, तोषी, प्रियंका कुमारी तथा शुभांगी कुमारी शामिल हैं | जबकि पी.जी.डी.एम. के छात्र मनीष कुमार तथा अजय कुमार का चयन 'रिलायन्स रिटेल' मेन हुआ है | इस छात्रों को बतौर 'डिपार्टमेन्ट मैनेजर इन ट्रेनी' नियुक्ति मिली है |

इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने कहा कि 'इस पद के चयन के लिए छात्रों की मार्केटिंग, कस्टमर सर्विस, रिटेल मार्केटिंग इत्यादि विषय में गहरी पकड़ और एक्सीलेंट कम्युनिकेटिव इंग्लिश होना अपेक्षित था | कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों में ये सारी खूबियाँ थी, इसलिए उनका चयन हुआ | कैटलिस्ट कॉलेज में छात्रो को कस्टमर सर्विस तथा रिटेल मैनेजमेंट से सम्बंधित कई कोर्स कराये गए थे, जिसका लाभ छात्रो को इस इंटरव्यू में मिला |

इसके पूर्व भी कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों का चयन टी.सी.एस., विप्रो, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में हुआ है | वहीँ कैटलिस्ट कॉलेज की सेंटर हेड मेघा अग्रवाल ने जानकारी प्रदान करते हुये कहा कि 'इससे पहले भी कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों का चयन बाइजुज़ कंपनी में 10 लाख के वार्षिक पैकेज पर हुआ है |" वहीं कैटलिस्ट कॉलेज के डीन नीरज पोद्दार ने कहा कि छात्रों को प्लेसमेंट से पहले इंटरव्यू हैंडलिंग की विशेष क्लासेज कराई गई, जिसका सार्थक परिणाम देखने को मिला | इस मौके पर सभी शिक्षकों ने छात्रों के चयन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की |

ACCOUNTING
AUDITING
FINANCIAL MGT.
BUSINESS
STATISTICS